nandgaon times june-29-03.qxd 6/28/2024 11:55 PM Page 1

शक्तिधाम माँ महाकाली मंदिर की... पृष्ठ 2 | शास. प्राथमिक शाला कौड़ीकसा... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


शनिवार, 29 जून 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 257, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## लोकसभा में नीट मुद्दे पर विपक्ष का जोरदार हंगामा, कार्यवाही स्थगित

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में शुक्रवार को मेडिकल शिक्षा की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के मुद्दे विपक्ष के भारी हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित कर दी गयी। इससे पहले पूर्वाह्न 11 बजे भी इसी मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित की गयी थी। दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई, विपक्षी सदस्य हंगामा करने लगे। इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों से शांत रहने और तृणमूल कांग्रेस के सदस्य एस के नुरूल इस्लाम के लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेने की कार्यवाही पूरी करने देने को कहा। श्री बिरला ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी से कहा कि अपने दल के सदस्यों को समझायें कि उन्हें कब खड़े होना है, और कब नहीं। श्री इस्लाम के शपथ लेने के बाद विपक्षी सदस्य पुनः शोर करने लगे। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सदस्य सदन के बीचोबीच आकर हंगामा और नारेबाजी करने लगे। विपक्षी सदस्य कह रहे थे कि विद्यार्थियों के साथ न्याय होना चाहिए। वे नारे लगा रहे थे,... विद्यार्थियों को न्याय दो, न्याय दो।... उनका कहना था कि इस मुद्दे पर तत्काल चर्चा करायी जानी चाहिए। वे शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की भी मांग कर रहे थे। श्री बिरला ने सदस्यों से शांत रहने और अपनी-अपनी सीट पर जाने के कई बार कहा, लेकिन विपक्षी सदस्यों ने उनकी कोई बात नहीं सुनी। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने सदस्यों को नारेबाजी करने के



लिये चुनकर यहां नहीं भेजा है। सदन और सड़क में अंतर होना चाहिए। अध्यक्ष ने हंगामे के बीच ही कुछ विधायी कार्य संपन्न करवाया। इसी बीच, संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिये तैयार है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होने के बाद किसी भी मुद्दे पर चर्चा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को इस तरह हंगामा नहीं करना चाहिये। विपक्ष नियोजित तरीके से सदन की कार्यवाही नहीं चलाने देना चाहता है। संसदीय लोकतंत्र के लिये यह उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सदस्यों अपनी बात कहने का पर्याप्त समय दिया जायेगा। सरकार हर बात का जवाब देगी। श्री रिजिजू के वक्तव्य के बावजूद विपक्षी सदस्य नारेबाजी और हंगामा करते रहे। इस पर श्री बिरला ने कहा कि वह पुनः आग्रह करते हैं कि सदस्य अपनी-अपनी सीट पर जायें। सदन के विधायी कार्य सुचारु रूप से संचालित करने में सहयोग करें। लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्षी सदस्यों से कहा, च्आप राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा करना नहीं चाहते। इसके बाद भी विपक्षी सदस्य हंगामा करते रहे तो श्री बिरला ने सदन की कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित कर दी। इससे पहले पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही जब शुरू हुई तो सदस्यों ने नीट-यूजी का प्रश्नपत्र लीक होने का मुद्दा उठाते हुये जोरदार हंगामा किया था। वह सदन में तत्काल इस मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे थे। अध्यक्ष ने इससे पहले जरूरी कागजात सदन के पटल पर रखवाये। इस बीच विपक्षी सदस्य हंगामा करते रहे, इस पर श्री बिरला ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी थी।

## जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जल संरक्षण एवं सवंर्धन के लिए आयोजित वेबीनार में शामिल हुए कलेक्टर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित वेबीनार में मिशन डायरेक्टर राष्ट्रीय जल मिशन सुश्री अर्चना वर्मा ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जिले में जल संरक्षण एवं सवंर्धन के लिए किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से कलेक्टोरेट राजनांदगांव के चिप्स कक्ष से जुड़े रहे। मिशन डायरेक्टर सुश्री अर्चना वर्मा ने जिले में जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को सराहना की और इस कार्य को सतत् रूप से संचालित करने की बात कही। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल शक्ति मिशन में नारी शक्ति को जोड़कर जल संवर्धन एवं



स्वच्छता पर कार्य किया जा रहा है। जिले की लगभग 1 लाख 50 हजार महिलाओं द्वारा मिशन जल रक्षा में कार्य किया जा रहा है। इसमें स्वसहायता समूह की महिलाएं एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की महिलाएं शामिल हैं। मिशन जल रक्षा अंतर्गत जिले में विभिन्न उद्योग एवं एनजीओ एवं जनसहभागिता से समन्वित तरीके से कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने बताया कि जिले में खेत का पानी खेत में और गांव का पानी गांव में संरक्षित हो इसके लिए कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए नये वाटर स्ट्रक्चर बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बोरवेल के माध्यम से जल के अत्यधिक दोहन के कारण भू-जल स्तर नीचे चला गया है। सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड ने जिले के तीन विकासखंड डोंगरगांव, राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ परसेमी क्रिटिकल जोन माना है। पानी की गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए इसके लिए संगोष्ठी के माध्यम से जनसामान्य को जागरूक किया जा रहा है। संगोष्ठी के माध्यम से कम पानी की आवश्यकता वाली फसलों के उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिले में उद्योगों, स्वयं सेवी संस्थाओं और बैंकर्स द्वारा पौधरोपण के लिए अच्छा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में 3 जुलाई को वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिले में मिशन जल रक्षा के तहत चल रहे कार्यों की प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनसामान्य में जागरूकता लाने के लिए जिले में जल, स्वच्छता और फसल संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी के माध्यम से जल संरक्षण के लिए जनसामान्य को जागरूक किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में यूनिफाईड कमाण्ड की बैठक सम्पन्न

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज सर्किट हाउस रायपुर में आयोजित यूनिफाईड कमाण्ड की बैठक में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में माओवादी गतिविधियों में निरन्तर कमी आ रही है। राज्य में केन्द्रीय सुरक्षा बलों और छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा बेहतर तालमेल के साथ माओवादियों के विरूद्ध सफलतापूर्वक चलाये जा रहे संयुक्त अभियान के कारण यह संभव हो सका है। माओवादियों के विरूद्ध चलाये जा रहे सघन अभियान के साथ-साथ शासन की नवीन च्नियद नेल्लानार योजनाच्् के तहत विकास कार्यों में भी तेजी लायी जा रही है, जिससे आम जनता का शासन व प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए सुचारू आवागमन हेतु सड़क, पुल-पुलियों एवं अन्य शासकीय निर्माण कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में संचालित निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा



किये जाने हेतु आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के भी निर्देश मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा दिये गये। बैठक में माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस के सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत बनाये जाने तथा स्थानीय ग्रामीणों को विश्वास में लेकर माओवाद के विरूद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिये गये। साथ ही माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में तैनात केन्द्रीय और राज्य के सुरक्षा बलों के जवानों की समस्याओं को लेकर भी चर्चा की गई तथा सुरक्षा बलों के कैम्पों में जवानों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य के सीमावर्ती राज्यों विशेषतः महाराष्ट्र, तेलंगाना, आन्ध्रप्रदेश और उड़ीसा के साथ बेहतर समन्वय, सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त कार्यवाही, सम्पर्क मार्गों पर सुरक्षा बलों द्वारा सतत निगरानी के निर्देश दिये गये और सीमावर्ती राज्यों के साथ सूचनाओं को साझा किये जाने पर भी जोर दिया गया।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के परिवार में शोक की लहर

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रकट की संवेदना

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के परिजन के निधन पर सीएम विष्णुदेव साय ने संवेदना प्रकट की है. उन्होंने कहा कि आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की बहन इला कल्चुरी के घर से शोक की खबर प्राप्त हुई है. जिसमें उनके पति और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के जीजाजी महेंद्र कल्चुरी जी के दिवंगत होने का दुखद समाचार मिला है. उन्होंने बताया कि महेन्द्र कल्चुरी लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे और आज राजधानी रायपुर के एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम साँस ली. महेन्द्र कल्चुरी के देहावसान से डॉ रमन सिंह के परिवार में शोक का वातावरण है. महेंद्र कल्चुरी अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं, जिसमें बेटा साकेत ङ्क बहु शैलजा कल्चुरी, बेटा शान्तनु ङ्क बहु कविता कल्चुरी के साथ बेटी सोनल सिंह और नाती पोते में शुभी, शौर्य, ईशान, मोहवी, अनय और आरिका हैं. कल दिनांक 28 जून को सुबह 11:30 बजे महेंद्र कल्चुरी का अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा. सीएम साय ने अपने ट्वीटर हैडल पर भी महेन्द्र कल्चुरी के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की हैं.



## राजस्व विभाग में नहीं रुक रहा खुलेआम भ्रष्टाचार का खेल

### रिश्वत लेते एसीबी की टीम ने पटवारी को रंगे हाथ किया गिरफ्तार, मामला खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम प्रकाशपुर का

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने शुक्रवार को खैरागढ़ जिले में एक पटवारी को रंगे हाथ घूस लेते गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार खैरागढ़ ब्लॉक के पटवारी हल्का नंबर 11 में पदस्थ पटवारी विवेक परघनिया हलके के अंतर्गत आने वाले ग्राम टोलागांव निवासी कृषक किशोर दास साहू से खेती के कागज सुधारने के नाम पर 4000 रूपये की मांग कर रहा था। जिसकी शिकायत किसान ने एंटी करप्शन ब्यूरो से की थी।



**एसीबी की आठ सदस्यीय टीम ने की कार्रवाई**

एसीबी की 8 सदस्यीय टीम ने किसान की शिकायत के बाद पटवारी को रिश्वत के रूपयों के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया हैं। बताया जा रहा है कि किसान किशोर दास साहू से खेती के कागज सुधारने के नाम पर पटवारी विवेक परघनिया ने 4 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी और कई दिनों से पीड़ित किसान पटवारी का चक्कर लगा रहा था, इसी से तंग आकर किसान ने एंटी करप्शन ब्यूरो में मामले की शिकायत की थी। शिकायत की पुष्टि के बाद शुक्रवार सुबह पटवारी को एसीबी ने 4 हजार की रकम के साथ घूस लेते गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि पटवारी राजनांनदगाव के ममता नगर का निवासी है।

**जिले में पटवारी की भ्रष्ट कार्यशैली से किसान और आम जन परेशान**

एसीबी की कार्रवाई के बाद आम लोगों खासतौर पर किसानों में पटवारियों के विरुद्ध साकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। बता दें कि जिलेभर में पटवारियों की भ्रष्ट कार्यशैली के कारण न केवल किसान बल्कि आम जन भी बहुत परेशान है। जिले में छोटे-बड़े हर कार्य के लिए पटवारियों ने राशि तय कर रखी है और उसी के हिसाब से वह काम को करते हैं। रिश्वत नहीं देने पर किसानों के साथ ही आम जनों का काम अटका दिया जाता है। इस बात को लेकर चर्चा और शिकायत आम बात है लेकिन कार्यवाही नहीं होने से पटवारियों के हौसले बुलंद रहते हैं। अब जब एसीबी ने रंगे हाथों पटवारी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है किसानों और आम जनों के बीच इस कार्रवाई को लेकर अच्छी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।

## जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में करें पूर्ण - कलेक्टर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में कार्यरत ठेकेदारों द्वारा कार्य समय पर पूर्ण नहीं करने पर अर्थदंड अधिरोपित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों, पंचायत भवन, शासकीय स्कूलों सहित अन्य शासकीय भवनों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें और इसके लिए स्थायी जल स्त्रोत बनाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन अंतर्गत घर तक नल के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति अनवरत होती रहे, इसके लिए प्रत्येक गांव से एक महिला एवं एक पुरूष को कौशल विकास उन्नयन के अंतर्गत इलेक्ट्रिशयन, प्लंबर एवं पंप आपरेटरों का प्रशिक्षण देने कहा।



## छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का समापन : बालक वर्ग में स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर व बालिका वर्ग में हॉकी बिलासपुर बनी चैम्पियन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ हॉकी द्वारा संचालित एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव द्वारा आयोजित 5वी छत्तीसगढ जूनियर राज्यस्तरीय बालक बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आज रंगारंग समापन समारोह अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में श्री मधुसूदन यादव पूर्व सांसद व पूर्व महापौर राजनांदगांव के मुख्य आतिथ्य श्री रमेश डाकलिया पूर्व अध्यक्ष नगर निगम राजनांदगांव राजनांदगांवए श्री कुतुबुद्धीन सोलंक वरिष्ठ हॉकी खिलाडी श्री पवन डागा समाज सेवी मृणाल चौबे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडीके विशिष्ट आतिथ्य में एवं छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष श्री फिरोज अंसारीए छत्तीसगढ हॉकी महासचिव श्री मनीष श्रीवास्तव श्री नीलम जैन सुश्री ऑशा थॉमस शिवनारायाण धकेताएसचिव जिला हॉकी संघ रामअवतार जोशी गणेश प्रसाद शर्माएएरणविजय प्रताप सिंह ज्ञानचंद जैन,भुषण सॉव संहयोजक आयोजन समिति व आयोजन सचिव अनुराज श्रीवास्तवए की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

आयोजन में मुख्यअतिथि श्री मधुसूदन यादव ने अपने उद्धबोधन में कहा कि यह प्रदेश के लिए गौरव कि बात है कि ऐसे आयोजन से खिलाडीयो का उत्सहावर्धन होता है। टूर्नामेंट से राज्य के सिनियर खिलाडीयो को लाभ मिलेगा तथा यहां के खिलाडी इससे प्रभावित होकर राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगें कहते हुए भविष्य में यहा टूर्नामेंट और भी बेहतर टंग से करने के लिए आयोजन समिति एवं छत्तीसगढ हॉकी को शुभकामानांए दी। वहीं कार्यक्रम के स्वागत भाषाण में अध्यक्ष छत्तीसगढ हॉकी श्री फिरोज अंसारी ने अपने उद्धबोधन में कहा कि यह हॉकी नर्सरी लगातार आगे बढ रही है हमारे शहर की दो बालिकाओं ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल कर शहर का नाम रौशन किया छत्तीसगढ हॉकी व जिला हॉकी संघ प्रतिभाओ को आगे लाने में पुरे प्रयास कर रही है। हॉकी नर्सरी के खेल प्रेमियो के उत्साह को देखते हुए लगातार दुसरे वर्ष भी दुसरी वेस्ट जोन जूनियर बालक बालिकाओं की स्पर्धा आगामी माह 21 जूलाई से 28 जूलाई 2024 तक पुनः आयोजित कि जा रही है। इसके लिए भी टीम इसी स्पर्धा में भाग ले रहे खिलाडियों से चयनित कर प्रदेश की टीम का गठन किया जायेगा। इसके पूर्व अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा स्वागत किया जूनियर बालक बालिका राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के अंतिम दिन बालिका वर्ग हॉकी रायगढ विरूद्ध सांई राजनांदगांव के मध्य खेले गए तीसरे और चैथे स्थान के लिए मैच में सांई राजनांदगांव ने एकतरफे मुकाबले में 9.0 गोलो से पराजित करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया सांई राजनांदगांव ने अपने शानदार खेल प्रदर्शन किया सांई राजनांदगांव की ओर से आंचल पटेल सोनम राजभारए और ऐंजल वाय दास ने 1.1 गोल किया वहीं श्यामली राय और दुबी रावत ने 3.3 गोल किए थे बालिका वर्ग में खेले गए फायनल मैच बिलासपुर ने मेजबान




राजनांदगांव को 4.0 गोलो से पराजित करते हुए फायनल का खिताब अपने नाम किया हॉकी बिलासपुर ने शुरूवाती समय से आक्रमक खेल का प्रदर्शन किया हॉकी बिलासपुर की ओर से जन्हावी यादवएमिनाक्षी उमरेएअंजली बंजारे और मधु सिदार ने 1.1 गोल करते हुए अंतिम समय तक 4 गोल कर फायनल को 4.0 गोल से जीत ली। बालक वर्ग में खेले गए तीसरे स्थान चैथे स्थान के लिए हॉकी धमतरी विरूद्ध हॉकी जशपुर के मध्य खेला गया जिसमें हॉकी धमतरी ने 3.1 गोल से जीत दर्ज कर तीसरा स्थान प्राप्त किया हॉकी धमतरी की ओर से ओम यादव ने 2 गोल आदर्श सिंह ने 1 गोल किया था वहीं हॉकी जशपुर की ओर से एक मात्र गोल टीम के कप्तान सुमीत मिंज ने किया। बालक वर्ग के फायनल मैच स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर ने मेजबान टीम राजनांदगांव को 4.1 गोलो से पराजित कर जूनियर राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता खिताब अपने नाम किया दोनो ही टीमो के उतार चढाव को माहौल रहा स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच के स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर की ओर से टीम के कप्तान विष्णु यादव ने 2 गोल मोहित नायक ने 1 गोल और हार्दिक ने 1 गोल किया वही हॉकी राजनांदगांव की ओर से एक मात्र गोल प्रवीन यादव ने गोल किया इस प्रकार स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर ने 4.1 गोल से पराजित कर फायनल का खिताब अपने नाम किया उपस्थित आतिथियों द्वारा 5वीं राज्य स्तरीय जूनियर बालक बालिका हॉकी प्रतियोगिता के तहत बालक वर्ग में विजेता स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुरए उपविजेता हॉकी राजनांदगांव तृतीय स्थान हॉकी धमतरी व बालिका वर्ग में विजेता हॉकी बिलासपुर उपविजेता हॉकी राजनांदगांव और तृतीय स्थान पर सांई राजनांदगांवए के खिलाडियों को पुरूस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से अंसार अहमद अध्यक्ष जिला हॉकी संघ दुर्ग अजय झा प्रकाश शर्मा भगवत यादवए चंदन भारद्धाज महेन्द्र ठाकुरए प्रिंस भाटिया शिवा चौबे योगेश द्विवेदी घनश्याम प्रसाद छोटे लाल अमित माथुर तीरथ गोवस्वामी शकिल अहमद सचिन खोब्रागढेए अभिनव मिश्रा खेमराज सिन्हा आशिष सिन्हाए खुशाल यादव चन्द्रहास साहूए अनिश विकास वैष्णाव चन्द्रहास साहूएस्वापनिल झा चन्द्रेश कुमारए विष्णु सिन्हा रस्मि संध्या एक्का सुप्रिया तिग्गा आरती शेण्डे अनिश अहमद एम रवि रॉव किशोर धीवर राजेश निर्मलकर तौफिक अहमद सुखदेव निर्मलकर कृष्णा यादवए मिथलेश पाडया फरहान शब्बीर हैदरीए दीपक यादवए आशोक मौर्या लक्ष्मण यादव रूपेश जायसवाल सहित तकनिकी अधिकारी व निर्णायकगण उपस्थित थे समापन समारोह का संचालन मृणाल चौबे ने किया वहीं छत्तीसगढ हॉकी के महासचिव श्री मनीष श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया।

nandgaon times june-29-03.qxd 6/28/2024 11:56 PM Page 2



# शक्तिधाम माँ महाकाली मंदिर की स्थापना दिवस पर रक्तदान व वृक्षारोपण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )**। शहर के वार्ड नम्बर 1 बाबुटोला में स्थित शक्तिधाम माँ महाकाली मंदिर अपना 5वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। स्थापना दिवस को भव्य रूप से मनाने एवं वृहत आयोजन को लेकर मंदिर समिति के प्रमुख श्री हरीश यादव एवं अध्यक्ष अखिलेश बंजारा के मार्गदर्शन में बैठक आहूत की गई। बैठक में स्थापना दिवस पर भजन संध्या, वृक्षारोपण के साथ ही रक्तदान का आयोजन को लेकर उपस्थित सभी सदस्यों की सहमति बनी। ज्ञात हो कि वार्ड नम्बर 1 स्थित शक्तिधाम माँ महाकाली मंदिर द्वारा आगामी 5 जुलाई को 5वां स्थापना वर्ष मनाया जा रहा है। स्थापना दिवस को वृहद रूप से मनाने आज बैठक रखी गयी, जिसमें वृक्षारोपण, रक्तदान को लेकर सभी सदस्यों ने सहमति दी। अपने जनसेवा सहित चैत्र व क्वांर नवरात्रि में भव्य आयोजनों को लेकर अंचल सहित दूरस्थ



जिलों में प्रसिद्ध शक्तिधाम माँ महाकाली मंदिर की सेवा संस्था शक्तिधाम धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा 5वां स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर वृक्षारोपण के साथ ही रक्तदान का भी आयोजन किया जाएगा। मंदिर व संस्था प्रमुख श्री हरीश यादव ने बताया कि इस वर्ष गुरुदेव अवधूत सरकार बाबा सिद्धार्थ गौतमराम जी की सेवा में समर्पित रक्तदान महादान जनसेवा की भावना से 51 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य है साथ ही पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न प्रकार के 101 वृक्षों का रोपण भी किया जाएगा। इसी प्रकार विभिन्न समाज के समाज प्रमुखों जिन्होंने सामाजिक स्तर पर अपना बहुमूल्य समय देकर समाज के उत्थान में विशेष योगदान दिया उनका भी सम्मान समिति के माध्यम से किया जाना है। बैठक में संरक्षक दुर्गा यादव, शम्भू वर्मा, पिंटू देवांगन, भगवती निषाद, भोज वर्मा, कौशल दास मानिकपुरी, चन्द्रेश साहू, प्रांशु भरतद्वाज, राजीव सिंह, श्यामू साहू, किशन वर्मा, संतोष वर्मा, अनिल चौहान, अक्षय, टेकराम भार्गव, भूपेंद्र, अजय, निखिल, राकेश, लव, कुशल, संदीप सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी प्रशांत वर्मा ने दी।

# छत्तीसगढ़ व्यापम परीक्षा पारदर्शिता एवं निष्पक्ष तरीके से हो संचालन - कलेक्टर

### कलेक्टर ने ली व्यापम परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए पर्यवेक्षक एवं परीक्षा समन्वयक की बैठक



**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )**। कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने आज जिला कार्यालय के सभा कक्ष में व्यापम परीक्षा आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। आगामी 30 जून को जिले में बीएड और डीएलएड सहित आगामी दिनों में अन्य प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा आयोजित है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल के निर्देशानुसार व्यापम परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए पर्यवेक्षक एवं परीक्षा समन्वयक नियुक्त किया गया है। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने बैठक में कहा कि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा संचालन के लिए निर्धारित निर्देशानुसार परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्वक संपन्न कराए। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी का दस्तावेज परीक्षण सही तरीके से करें, परीक्षार्थी का फोटो एवं हस्ताक्षर का मिलान सही तरीके से करें। कोई भी परीक्षार्थी फर्जी तरीके से पेपर ना दिलाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा संचालन के दौरान समय का विशेष ध्यान रखें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना करें। परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षक द्वारा परीक्षा से संबंधित सभी महत्वपूर्ण पत्रक सही तरीके से भरे, परीक्षा संचालन के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि न हो। परीक्षा में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी परीक्षा के दिन आपस में समन्वय बनाकर परीक्षा को सफल बनाएं। बैठक में नोडल अधिकारी (व्यापम परीक्षा) श्री अविनाश ठाकुर, परीक्षा पर्यवेक्षकगण, परीक्षा समन्वयकगण सहित संबंधित अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।

## युगांतर में हुआ वृक्षारोपण

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )**। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल का 28 वां स्थापना दिवस कल 29 जून



को प्रात: 10 बजे विद्यालय के पूर्व छात्र डॉ रोमिल जैन एमबीबीएस, एमएस, डीएनबी (गेस्ट्रोसर्जरी) के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। इसी कड़ी में विद्यालय में दस वर्ष पूर्ण करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मचारियों का सम्मान भी होगा। इसी तारतम्य में संस्था में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रभावशाली आयोजन अपनी सुन्दर छटा बिखेरेंगे। विद्यालय के स्थापना दिवस का यादगार बनाने के लिए विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण का बृहद कार्यक्रम भी आयोजित हुआ, जिसमें संस्था के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) अजय सिंगी, प्राचार्य मधु पी चौधरी, स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने विद्यालय को सदा हरा भरा रखने का संकल्प लिया।

# आयुक्त ने वर्षा जनित बीमारी की रोकथाम हेतु आवश्यक तैयारी के लिये अधिकारियों को दिये निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )**। वर्षा ऋतु में वर्षा जनित बीमारियों के रोकथाम हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने निगम के स्वास्थ्य एवं तकनीकि अधिकारियों को निर्देश दिये है। आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य अधिकारी एवं जल विभाग के अधिकारी को वर्षाजनित बीमारियों तथा डेंगू, मलेरिया के रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही करने कहा है। जिसके तहत पानी टंकीयों की सफाई, पाईप लाईन लिकेज की मरम्मत, नलो एवं हैण्ड पंपो के आस पास पर्याप्त सफाई, जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल के उपयोग हेतु अपील करते हुये क्लोरिन टेबलेट का वितरण करने कहा है तथा पानी की प्रतिदिन जॉच



करना है। उन्होंने साफ सफाई के तहत नालियों की नियमित रूप से सफाई कर कचरा उठाने डोर टू डोर कचरे का संग्रहण, पानी भरान वाले क्षेत्र में नाले नालियो की नियमित सफाई, गड्ढे में पानी भरने पर कच्ची नाली खोद कर पानी की निकासी कराने के अलावा पेयजल स्थलों पर ब्लीचिंग आदि का छिड़काव एवं सड़े गले पदार्थो का विक्रय पर नियंत्रण सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देशित किये है। आयुक्त श्री गुप्ता ने नागरिकों से भी अपील करते हुये कहा है कि वर्षा जनित बीमारी डेगू मलेरिया से बचने आवश्यक सावधानी बरते, बीमारी के लक्षण दिखने पर नजदीकि स्वास्थ्य केन्द्र में सम्पर्क कर ईलाज करावे। उन्होंने कहा कि घरों में ज्यादा दिनों तक पानी जमा न होने दे कुलर का पानी खाली करे, ताकि मच्छर न पनप पाये। इसके अलावा ताजा खाद्य सामाग्री का उपयोग करे, सड़े गले फल सब्जी का उपयोग न करे, पानी छानकर व उबालकर पीये।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस मनाया गया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )**। संता जन कल्याण समिति द्वारा संचालित नशा मुक्ति केंद्र, राजनांदगांव में अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में नशा से संबंधित नुकसानों से अवगत कराने के लिए वक्त के रूप में डॉक्टर योगेश कनौजिया



उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉक्टर योगेश ने कहा कि नशा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक तो है ही समाज के लिए भी घातक है। अत: किसी भी स्थिति में नशा नहीं करना चाहिए। नशा मानव शरीर के मन ही स्थिति को दुष्कृत कर देता है और सोचने और समझने की शक्ति को भी विकृत करता है। डॉक्टर योगेश कनौजिया ने कहा कि समझ में प्रत्येक व्यक्ति को नशा निवारण के लिए कार्य करना चाहिए और समाज को सुधारने में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के कार्यकर्ता नागेश कुमार, अरविंद कुमार, सौरभ श्रीवास्तव, डॉली पटेल, सविता, मीनाक्षी बंजारी, लोकेश वर्मा, जयसूर्या वर्मा एवं संस्था के कोषाध्यक्ष एवं निदेशक शिशुपाल खोब्रागढ़े उपस्थित रहे।

## मिडिल स्कूल तुमड़ीलेवा में खीर, पुड़ी, बड़ा खिलाकर व स्कूल ड्रेस , पुस्तकें बांटकर मनाया प्रवेश उत्सव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )**। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तुमड़ीलेवा में नया शिक्षा सत्र का शुभारंभ नव प्रवेशी बच्चों को तिलक



लगाकर, उन्हें खीर, पुड़ी, बड़ा और मिठाई खिलाकर व स्कूल ड्रेस, पुस्तकें बांटकर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के उपाध्यक्ष लक्ष्मण दास साहू ने बच्चों को नए उत्साह के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षाविद् महादेव टंडन ने बच्चों को अपने हाथों से खीर खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया । प्रधानपाठक परदेशी राम साहू ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने को कहा।आज प्रथम दिवस जय मां सरस्वती महिला स्व सहायता समूह द्वारा न्योता भोज कराया । कार्यक्रम में संस्था प्रधान परदेशी राम साहू, शालेय शिक्षक सावित्री सोनी, हेमलता वर्मा, मनीष बरैया, मोमन साहू व सुरेश पटेल, गोपाल राम पटेल, जीत कुमारी धनकर, नीतू ठाकुर, अनुसुइया पटेल, सारिका चांदने, आशीष जोशी, रूपेन्द्र पटेल व बच्चे उपस्थित थे।


# लखोली स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )**। आज लखोली पूर्व माध्यमिक शाला एवं बालक प्राथमिक शाला के अंतर्गत शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लासमय वातावरण में मनाया गया।शाला प्रवेशोत्सव में कु.दीक्षा गुप्ता सहायक संचालक के मुख्य अतिथि व शिक्षाविद घनश्याम साहू, पार्षद मनीष साहू ,पूर्व पार्षद श्रीमती मिथलेश्वरी वैष्णव, पार्षद प्रतिनिधि आशीष डोंगरें, वरिष्ठ नागरिक दुलार दास साहू ,वरिष्ठ पत्रकार अंकालू साहू के गरिमामय उपास्थि में मनाई गई।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिद्वय द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती जी के तैलचित्र पर चंदनभिषेक कर दीप प्रज्वलित कर किया गया।शाला प्रवेशोत्सव में अपने अतिथि उदबोधन में कु.दीक्षा गुप्ता ने कहा कि छात्र-छात्राओं को पढ़ाई को स्थाई करने के लिए विद्यालय में में अध्ययन के पश्चात तीन बार पुनरावृत्ति करना है।कु.गुप्ता ने कहा कि पढ़ाई का स्तर प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने के लिए तैयारी करना है, छात्र-छात्राएं दोनों ही क्षेष्ठ हैं।उन्होंने इस नवीन शिक्षा सत्र में नवप्रवेशित बच्चों शुभकामनाएं दी। इस मौके पर दुलारदास साहू, पार्षद मनीष साहू, पूर्व पार्षद श्रीमती मिथलेश्वरी वैष्णव,वरिष्ठ पत्रकार अंकालू साहू आदि ने भी अपने विचार व्यक्त कर बच्चों को आशीर्वाद और उज्जवल भविष्य की कामना की ।इस दौरान नवप्रवेशी बालक-बालिकाओं का गुलाल तिलकाभिषेक व पुष्पवर्षा कर स्वागत अभिनंदन कर छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क नि:शुल्क गणवेश व पाठ्यपुस्तक वितरण कर मुंह मीठा कराया गया।श्रीमती लूमन साहू प्रधान पाठक ने जनप्रतिनिधियों, पालक, शिक्षक सहित अतिथियों को धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया गया।



## निगलने संबंधी विकार विषय पर कार्यक्रम का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )**। सीआरसी राजनांदगांव में निगलने संबंधी विकार विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें



विभिन्न राज्यों से ऑनलाईन 104 प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सीआरसी निदेशक श्रीमती स्मिता महोबिया द्वारा किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और सभी प्रतिभागियों को निगलने संबंधी विकार के संबंध में पालकों एवं लोगों को जागरूक करने की सलाह दी। इस दौरान पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कालेज रायपुर से श्रीमती प्रेमा, श्री वेंकट फ्रस्टी एम्स भुनेश्वर से श्री हिमांशु वर्मा, राष्ट्रीय बौद्धिक संस्थान सिकंदराबाद से श्रीमती एस लक्ष्मी प्रसन्ना स्वामिनी स्वीकार द्वारा निगलने संबंधी विकार विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने इस समस्या के कारण, समस्या के समाधान, स्पीच थेरेपी, बचने के लिए एडवांस टेक्नोलॉजी के संबंध में जानकारी दी। इस सीआरई कार्यक्रम में ऑनलाइन चार क्लास लिया गया और सभी क्लास के बाद आरसीआई नई दिल्ली के नियमानुसार परीक्षा भी ली गई।

**शुभांक**

**4-7-8**

**880-6 457-6**

**भाग्यांक**

**480-2 670-3**


**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायात्य में मामला क्रमांक: 202406091100025**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणी राजस्व

सनः-2023-2024

कोपेडीह प.ह.न. 00009 ((हे0) 7

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-बल्दाउ.

अनावेदक पक्षकार- छ0 ग0 शासन.

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बल्दाउ आ0 समेदास जाति धीबी निवासी ग्राम कोपेडीह पटवारी हल्का नं0 01 तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगाव दद्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने दादा रतू का मृत्यु दिनांक 01/01/1989 को ग्राम कोपेडीह में होने के कारण अपने दादा की मृत्यु तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र, चालान क्रमांबा 66070624008847, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो पेशी दिनांक 08.07.2024 को स्वंय अथवा अपने प्राधिकत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। जाज दिनांक 21.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/06/2024 को जारी किया जाता है।

सील

**नायब तहसीलदार डोंगरगांव**


# अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ की एक और नई पहल



## जल संरक्षण व फसल चक्रण हेतु मक्का की खेती पर जोर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )**। अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव हमेशा ही अपने नित नए रचनात्मक कार्यों की ओर अग्रसर रहा है। विगत एक वर्ष से नि: शुल्क कोचिंग क्लास, मेगा टेस्ट सीरीज, रक्तदान शिविर, किसान संगोष्ठी, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, विभिन्न खेल गतिविधियों, स्टार्ट अपशैक्षणिक भ्रमण,स्वास्थ्य शिविर, माननीय कलेक्टर संजय अग्रवाल व जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह के कुशल मार्गदर्शन में कैरियर गाइडेंस/सेमिनार आदि का आयोजन किया जाता रहा है। इसी तारतम्य में गुरुवार को ग्राम जंगलेसर में धान फसल के बदले रबी फसल में मक्का की खेती पर सार्थक चर्चा किया गया। बैठक में बताया गया कि मक्का की खेती में धान फसल की अपेक्षा तीन गुना कम पानी की जरूरत होती हैं। अत: उपस्थित किसानों ने लगभग 100एकड़ से अधिक कृषि भूमि पर मक्का की खेती करने पर जोर दिया । इससे किसानों को लगभग पांच लाख रुपए की उच्च क्वालिटी की बीज नि: शुल्क प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी के कृषि वैज्ञानिक व प्रमुख डा गुंजन झा, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक यशवंत साहू, संगठन सचिव माधव साहू, सचिव मिलन साहू, संभागीय संयोजक रूपेश साहू, प्रदेश सह संयोजक परदेशी राम साहू, अनिल साहू, भोज कुमार गंजीर, पवन साहू, विष्णु साहू, सरपंच ग्राम पंचायत जंगलेसर,कृषक देवल साहू, वासु, सुरेश चंद्राकर , राधेचरण साव, व्यास नारायण ,वीरेंद्र साहू, टहल साहू, भूषण साहू, केवल राम, शोभाराम व ग्रामवासी मौजूद थे।

## कलेक्टर ने पौधरोपण के संबंध में बैंकर्स की ली बैठक

**पौधरोपण के साथ देखभाल एवं सुरक्षा भी जरूरी - कलेक्टर**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )**। जिले को हरा-भरा बनाये रखने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है और इसके लिए विभिन्न संस्थानों को जिम्मेदारी भी सौंपी भी जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैंकर्स की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण आवश्यक है और इसके लिए सभी को मिलकर संयुक्त प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा बैंकर्स को उन स्थानों की सूची उपलब्ध करा दी जाएगी, जहां पौधरोपण के लिए स्थान रिक्त है। कलेक्टर ने कहा कि पौधरोपण के लिए रिक्त स्थानों पर पौधे लगाने के साथ ही उनकी देखभाल एवं सुरक्षा की भी आवश्यकता है। बैंकर्स द्वारा लगभग 10 हजार पौधरोपण करने की सहमति दी। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, लीड बैंक मैनेजर श्री सर्वेन्द्र मलिक सहित अन्य अधिकारी व बैंकर्स उपस्थित थे।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, राजनांदगांव ( छ.ग. )**

**// निविदा सूचना//**

क्र.292/निविदा/लोक/2024-25 राजनांदगांव, दिनांक 25.06.2024

नगर पालिक निगम राजनांदगांव में निम्न निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्रं | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि लाख में | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 |
| 1. | महापौर निधि से वार्ड क्रं 22 रेवाडीह के उद्यान के लिये ओपन जिम सामाग्री लगाने का कार्य | 1.50 | 17.07.2024 |
| 2. | पार्षद निधि से वार्ड क्रं. 44 में सामुदायिक भवन का मरम्मत कार्य | 3.15 | |
| 3. | महिला एवं बाल विकास मद अंतर्गत 04 आंगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय पूर्ण करने व बेबी फ्रेंडली शौचालय निर्माण कार्य | 0.96 | |
| 4. | पार्षद निधि से वार्ड क्रं. 20 में आदिवासी भवन के अधूरे कार्य को करने का कार्य | 2.00 | |
| 5 | पार्षद निधि से वार्ड क्रं. 35 शीतला मंदिर प्रांगण में पी.सी.सी. निर्माण | 4.74 | |
| 6 | पार्षद निधि से वार्ड क्रं. 35 में मंच निर्माण कार्य | 3.00 | |
| 7 | मरम्मत संधारण मद से मेजर ध्यानचंद जी की मूर्ति पेडेस्टल में मरम्मत कार्य | 1.50 | |
| 8 | मरम्मत संधारण मद से मेनुवल बेलिंग निर्माण कार्य | 1.25 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (लोक कर्म शाखा) एवं वेबसाइट www.mcrjn.com & http:www.uad.cg.gov.in से प्राप्त कि जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेडमेंट पृथक से विज्ञापन जारी नहीं किया जावेगा। वेबसाईट में ही प्रकाशित किया जायेगा।

**आयुक्त,**
**नगर पालिक निगम, राजनांदगांव**

## ज्ञान मंथन

*1) भारत में पहली बार नोटबंदी कब हुई?*

*2) शिमला को ग्रीष्मकालीन राजधानी कब घोषित किया गया?*

*3) रामोसी विद्रोह कहां पर हुआ था?*

*4) गेलेफू स्मार्ट सिटी परियोजना कहां के राजा द्वारा घोषित एक महत्वपूर्ण पहल है?*

*5) विजनरी लीडर आइकन अवार्ड 2023 से किसे सम्मानित किया गया?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) 1946 (2) 1864 (3) पश्चिम महाराष्ट्र (4) भूटान (5) श्रीनिवास नाइक

## स्टॉप डायरिया कैम्पेन 1 जुलाई से 31 अगस्त तक

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासन के निर्देशानुसार बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु की रोकथाम के उद्देश्य से जिले में स्टॉप



डायरिया कैम्पेन 2024 का आयोजन 1 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक किया जाएगा। 0-5 वर्ष के बच्चों में मृत्यु का एक मुख्य कारण डायरिया भी है, जिसके शीघ्र निदान एवं उपचार से शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने स्टॉप डायरिया कैम्पेन 2024 के आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

## रियासत का इतिहास पुस्तक का विमोचन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह द्वारा अपने निवास मौली श्री विहार में



ष्राजनांदगांव रियासत का इतिहासष्पुस्तक का विमोचन किया गया। इस पुस्तक के लेखक शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉण् शैलेंद्र सिंह है। उक्त पुस्तक में राजनांदगांव रियासत के राजाओं के कार्यकालए उनका प्रशासन उनके समय के सामाजिकए आर्थिक स्थितिए शिक्षाए साहित्यए धार्मिक स्थिति का विस्तृत वर्णन किया गया है। साथ ही रियासत में होने वाले राष्ट्रीय आंदोलन का प्रभावए मिल मजदूर आंदोलन एवं ठाकुर प्यारेलाल सिंह का योगदानए जंगल सत्याग्रह के साथ.साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का जीवन परिचय का उल्लेख किया गया है इस पुस्तक के प्रकाशन पर डॉण् रमन सिंह ने बधाई दी तथा कहा कि इससे राजनंदगांव रियासत की जानकारी प्राप्त होगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ इतिहासकार डॉण् रमेंद्रनाथ मिश्रा भी उपस्थित थेए उन्होंने कहा कि यह पुस्तक शेधाथियोंए इतिहास में रुचि रखने वालों तथा जनता के लिए काफी उपयोगी है। दिग्विजय महाविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रोफेसर हिरेंद्र बहादुर ठाकुर भी उपस्थित थे। इस पुस्तक का प्रकाशन अध्ययन पब्लिशर नई दिल्ली द्वारा किया गया है।

# शास. प्राथमिक शाला कौड़ीकसा में मनाया शाला प्रवेशोत्सव, पौधारोपण भी किया गया

### गणवेश, पुस्तक के साथ कराया मुंह मीठा, नव प्रवेशी बच्चों के खिले चेहरे



**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** विकासखंड अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत कौड़ीकसा के (तरियापारा) में शास. प्राथमिक शाला में प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम रखा गया था जहां मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इंद्रशाह मंडावी पूर्व संसदीय सचिव छ ग शासन उपस्थित रहे। उन्होंने नौनिहालों से खेल-खेल में बातचीत किया क्षेत्र से जुड़े सामान्य ज्ञान पर चर्चा परिचर्चा किया तथा पाठशाला में कराए जाने वाले समस्त शैक्षिक तथा सह-शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में सवाल जवाब किए जिस पर बच्चों ने बड़ी चाह के साथ जवाब दिया एवं उत्सुकता से बातचीत भी किए बच्चों ने खेल गतिविधि के अंतर्गत कंचा, भंवरा, फुटबॉल, रस्साकसी खेल खेलना बताया। इस अवसर पर विधायक ने कहा की बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शाला विकास समिति एवं प्रबंधन समिती का सहयोग एवं मार्गदर्शन अतिआवश्यक है साथ ही शिक्षिकाओं से बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं समावेशी शिक्षण के लिए आग्रह किया साथ ही नवाचार कर बच्चों के लिए रोचक पाठ्यक्रम बनाकर पढ़ाने कहा तथा सप्ताह में सामान्य ज्ञान हेतु अतिरिक्त कक्षा लेने निर्देशित किया। विधायक मंडावी के द्वारा बच्चों को पठन सामाग्री एवं गणवेश का वितरण किया गया साथ ही नव प्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा कराकर स्वागत अभिनंदन किया गया। शाला प्रवेशोत्सव के दौरान शाला परिसर में विभिन्न छायादार पौधों का रोपण किया गया जिसमें कदम, बादाम, काजू, कटहल, फलदार वृक्ष जाम का पौधा विधायक सहित अतिथियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से लगाया गया सभी ने पौधों के संरक्षण के लिए हामी भी भरा। इस अवसर पर सरपंच योगेंद्र कोड़ापे, उप सरपंच एनिश पुरी गोस्वामी, देवानंद कौशिक, नरेश पटेल, रामजी तारम, महार सिंह चुरेंद्र, राजकुमार ध्रुव, रामेंद्र गोआर्य, पन्ना मेश्राम, मनोहर महाराज, बरशन कुल्हारा, योगेश पटेल, जनक तारम, टीकाराम कोलियारा, गणेश चूरेंद्र तथा शाला के शिक्षिका श्रीमति सुचित्रा सोनी एवं सरोज साहू उपस्थित रहें।

# बुचीभरदा में मनाया गया - प्रवेशोत्सव मुख्य अतिथि कुलबीर सिंह छाबड़ा शामिल हुए

### न्योता भोज में परोसा गया - बूंदी का लड्डू



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला बुचीभरदा में शाला प्रवेशोत्सव - 2024 का आयोजन कुलबीर छाबड़ा (पार्षद, नगर निगम राजनांदगांव) के मुख्य आतिथ्य में, अध्यक्षता - रोहित चंद्राकर (जनपद उपाध्यक्ष) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच आरला खेमदास साहू, एस एम सी अध्यक्ष द्वय माध्यमिक विभाग अनुरूद्ध कौशिक, प्राथमिक विभाग चुनूराम साहू, उपाध्यक्ष उत्तम कलिहारी एवं राहुल साहू थे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती का पूजन अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात कक्षा - पहिली एवं छठवीं के नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, मुंह मीठा कर निशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश के साथ साथ कापी - पेन का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि कुलबीर छाबड़ा ने बच्चों से अनुशासन में रहकर,मन लगाकर पढाई करने और अपने स्कूल, गांव और माता पिता का नाम रोशन करने को कहा और अपनी ओर से सभी बच्चों के लिए जूता-मोजा देने की घोषणा किया। आज न्योता भोजन के तहत बुचीभरदा के युवा टीकाराम साहू जी द्वारा बच्चों को बूंदी का लड्डू परोसा गया और उनके साथ बैठकर भोजन भी किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक प्राथमिक राकेश सोनी, प्रधान पाठक माध्यमिक चांताराम साहू, पूर्व प्रधान पाठक रमेश साहू ग्रामीणजन शत्रुध्न साहू, मणीलाल साहू, उमेश्वर निषाद, लीलधर साहू सहित पालकगण एस एम सी सदस्य, महिला स्वयं सहायता समूह की बहनें, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, रसोइया, शिक्षकगण विनोद चंद्राकर,रितुराज चतुर्वेदी, किशन कुमार, लेमत भुआर्य एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने ग्राम कलडबरी एवं मुड़पार का किया आकस्मिक निरीक्षण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने घुमका तहसील अंतर्गत ग्राम कलडबरी एवं मुड़पार का आकस्मिक



निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान पटवारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कलडबरी के पटवारी द्वारा अ भि ले ख उद्यतन नहीं रखने, नक्शा बटांकन नहीं किए जाने तथा मृत व्यक्ति्यों के नाम खाता में पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा पटवारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुड़पार के पटवारी द्वारा नक्शा बटांकन नहीं किए जाने पर अभिलेख शुद्धिकरण तत्काल पूर्ण करने निर्देशि दिए। उन्होंने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार घुमका को पटवारियों के कार्यों का नियमित निरीक्षण करने कहा तथा 15 दिवस में कार्य में प्रगति नहीं होने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अतुल विश्वकर्मा उपस्थित थे।

# मिडिल स्कूल खुज्जी में मनाया प्रवेशोत्सव



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मिडिल स्कूल खुज्जी में प्रधानपाठक टी आर देवांगन के कुशल नेतृत्व एवं श्रीमती सोनाली पंसारी सरपंच खुज्जी के मुख्य आतिथ्य में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया । कार्यक्रम में शामिल अतिथियों व स्कूल स्टाफ ने बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया । नव प्रवेशी कक्षा छठवीं के बच्चों के साथ-साथ कक्षा सातवीं एवं आठवीं के उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को निशुल्क गणेश एवं पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया ।इस अवसर पर ज्योतिष राम यादव सेवा निवृत्त शिक्षक द्वारा न्योता भोज कराया गया । न्योता भोज में केला एवं मोतीचूर का लड्डू वितरण किया गया । सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तेल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया अतिथियों द्वारा बच्चों को के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं संदेश दिया गया । कार्यक्रम का संचालन श्रीमती भूमिका साहू ने किया । इस अवसर पर देवानंद साहू एम एस समिति के पूर्व अध्यक्ष, श्रीमती के हिरवानी, श्रीमती के साहू, श्रीमती पी पटेल, श्रीमती डी मानकर, कु करूणा देवांगन, श्री लेखराम निषाद, श्रीमती बालका मिश्रा, श्रीमती कमलाबाई, श्रीमती हेमिन बाई अध्यक्ष, श्रीमती विशाखा बाई सचिव, रामशिला, पूजा मिश्रा, कुमारी बाई साहू, चुंबन बाई, अक्षय कुमार श्रीवास्तव, युवराज, भूपेश मालेकर, योगेश कुमार,राधिका, ज्योति, डूमल लाल साहू, पुरुषोत्तम लाल सिन्हा, मुकेश कुमार देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे ।

# अर्जुनी स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला' में संयुक्त रूप से शाला प्रवेशोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया एवं शाला प्रांगण मे वृक्षारोपण किया । आयोजन में नवप्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश का वितरण उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया एवं उद् ?बोधन के रूप में बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने और तन मन से पढ़ाई करने की समझाईस एवं आशीर्वाद दिया गया ।साथ ही उपस्थित पालकों को भी बताया गया कि बच्चे स्कूल के अलावा घर में भी रोजाना पढ़े। ताकि हमारा स्कूल और बच्चे का नाम रोशन हो। इस अवसर पर बच्चों को मध्यान्ह भोजन साथ न्यौता भोजन के रूप में खीर पुरी खिलाया गया। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक माखन लाल रात्रे, जनपद सदस्य निर्मला सोनकर,सरपंच द्रोपती साहू, उपसरपंच हरिचरण सोनी, पंच लक्ष्मी सोनकर, मोहनीश साहू, समाजसेवी, पालक, गामीणों के साथ साथ दोनो स्कूलों के शिक्षक उपस्थित थे। प्रधानपाठक थानसिंह साहू एवं वंदिता रत्ना गजभिये बच्चों का मुंह मीठा कराते हुए रोज स्कूल आने के लिये प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन बैनलाल शांडिल प्राथमिक शाला अर्जुनी सहायक शिक्षक के द्वारा किया गया एवं अंत में आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक थानसिंह साहू एवं वंदिता रत्ना गजभिये द्वारा किया गया।

# अधीक्षण अभियंता श्री एस. के. शर्मा के सेवानिवृत्ति पर दी गई भावपूर्ण विदाई



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के षहर स्थित क्षेत्रीय प्रषासनिक भवन में राजनांदगांव वृत्त के अधीक्षण अभियंता श्री सतीश कुमार शर्मा के रिटायरमेन्ट पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन कर भावपूर्ण विदाई दी गई। अधीक्षण अभियंता श्री शर्मा ने मध्यप्रदेश विद्युत मंडल, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल एवं सीएसपीडीसीएल में लगभग 40 वर्षो तक अपनी सेवाएं दी तथा राजनांदगांव जिलें में अनेक विद्युत विकास कार्यो के सफल क्रियान्वयन में महती भूमिका निभाई। उन्हें राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री टी. के. मेश्राम द्वारा स्मृति चिन्ह, उपहार एवं प्रमाण पत्र देकर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री टी. के. मेश्राम ने कहा कि विद्युत कंपनी के सेवाकाल में सेवानिवृत्त होना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। कंपनी के सेवाकाल में श्री शर्मा समय के पाबंद, कर्तव्यनिष्ठा व उत्कृष्ट कार्यशैली के अधिकारी रहे और अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन बखूबी से किया। इस विदाई समारोह में श्री एस.के. शर्मा ने अपने सेवाकाल का विवरण देते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सहयोग के लिए आभार जताया। इस कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने अधीक्षण अभियंता श्री सतीश कुमार शर्मा के प्रति अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया तथा उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री के.सी. खोटे, कार्यपालन अभियंता श्री बीरबल उइके, श्री ए.डी. टंडन, श्री एन.के. साहू, सुश्री गीता ठाकुर, श्री पी.सी साहू, श्री आर. के. गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।

## धर्म समाचार....

# ये लोग सूर्य को न चढ़ाएं जल, वरना बढ़ सकती हैं जीवन की परेशानियां




हिंदू धर्म में अन्य देवी-देवताओं की तरह सूर्य देव की भी पूजा का विधान है। रोजाना सुबह सूर्य देव को जल अर्पित करने से शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है। लेकिन ऐसा माना गया है कि कुछ लोगों को सूर्य को जल अर्पित नहीं करना चाहिए वरना उनके जीवन में मुश्किलें बढ़ सकती हैं। चलिए जानते हैं इस विषय में। ज्योतिष शास्त्र में भी सूर्य को ग्रहों का राजा माना गया है। साथ ही यह भी माना गया है कि कुंडली में सूर्य की स्थिति मजबूत होने पर व्यक्ति को जीवन में अपार धन-संपदा की प्राप्ति होती है। मान्यताओं के अनुसार, रोजाना सूर्य देव जल को जल अर्पित करने से कुंडली में सूर्य की स्थिति मजबूत हो सकती है। लेकिन कुछ ऐसा भी लोग हैं, जिन्हें सूर्य देव को जल देने की मनाही है। आइए जानते हैं कि वह लोग कौन हैं? बिना स्नान के कभी भी सूर्य देव को जल नहीं चढ़ाना चाहिए। साथ ही किसी व्यक्ति के परिवार सूतक लगा हो तब भी उसे सूर्य को अर्घ्य नहीं देना चाहिए। घर में किसी का जन्म होने या फिर मृत्यु होने की स्थिति में सूतक लगता है। यदि कोई व्यक्ति भीषण रोग से पीड़ित है, जिस कारण वह सूर्य अर्घ्य देने में असमर्थ है, तो ऐसी स्थिति में भी सूर्य को जल न दें। वहीं अगर कोई स्त्री रजस्वला है, तो उसे भी अर्घ्य देने से बचना चाहिए। सबसे पहले सूर्योदय से पहले उठ जाएं। इसके बाद स्नान आदि से निवृत होकर साफ-सुथरे वस्त्र धारण करें। इसके बाद एक लोटे में जल लेकर उसमें लाल चंदन, लाल फूल, कुमकुम और अक्षत आदि डाल दें। सूर्य अर्घ्य के लिए तांबे के लोटे का इस्तेमाल करना बेहतर माना जाता है। इसके बाद सूर्य की ओर मुख करके दोनों हाथ से तांबे के पात्र पकड़ें और सूर्य देव को अर्घ्य दें। शुभ फलों की प्राप्ति के लिए इस दौरान ऊं सूर्याय नम: मंत्र का जाप करते रहें।

## पूजा करते समय कलाई पर लाल धागा क्यों बांधते हैं जानिए कलावा बंधवाते समय किन बातों का ध्यान रखें?



किसी भी देवी-देवता की पूजा हो या कोई भी धर्म-कर्म हो, शुरुआत में भक्तों की कलाई पर कलावा यानी लाल धागा बांधने की परंपरा है। इसे मौली भी कहते हैं। माना जाता है कि लाल धागा बांधने से भक्तों की पूजा सफल होती है और मनोकामनाएं जल्दी पूरी होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। जानिए इस परंपरा से जुड़ी खास बातें... उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, पुरुषों के दाहिने हाथ की कलाई पर और विवाहित महिलाओं के बाएं हाथ की कलाई पर कलावा बांधा जाता है। ये धागा विचारों में पवित्रता बढ़ता है और नकारात्मकता दूर करता है। कलाई पर जिस जगह कलावा बांधा जाता है, उसी जगह से आयुर्वेद के वैद्य नस की जांच करके बीमारियों का पता लगाते हैं। इस जगह पर धागा बांधने से नसों पर दबाव पड़ता है, जिससे हमारे शरीर में वात-पित्त और कफ नियंत्रित रहते हैं। ऐसी मान्यता है। मौली, कलावा के साथ ही इस धागे को रक्षासूत्र भी कहा जाता है। पौराणिक मान्यता है कि दानवों के राजा दानवीर बलि ने वामन देव की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा था, इसके बाद ही वामन देव असुरराज बलि से प्रसन्न हो गए थे। प्रसन्न होकर भगवान से बलि से वर मांगने के लिए कहा तो बलि ने भगवान से पाताल लोक में रहने का वर मांग लिया था। इसके बाद भगवान विष्णु बलि के पाताल लोक में रहने लगे। तब देवी लक्ष्मी ने राजा बलि की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा था। इसके बाद से बलि ने लक्ष्मी जी से कुछ मांगने के लिए कहा तो देवी ने विष्णु जी को बलि के यहां से मुक्त करवा लिया। इस पौराणिक कथा के बाद से ही कलावा बांधने की परंपरा शुरू हुई है। अविवाहित लड़कियों के दाएं हाथ की कलाई पर और विवाहित महिलाओं के बाएं हाथ की कलाई पर पूजा का धागा बांधा जाता है। इस संबंध में माना जाता है कि विवाह के बाद महिलाएं अपने पति की वामंगी हो जाती हैं, यानि पुरुष का वाम (बायां) अंग हो जाती हैं। इस वजह से महिलाएं के वाम यानी बाएं हाथ की कलाई पर धागा बांधते हैं। पूजा में धागा बंधवाते समय भक्त को अपनी मुट्ठी में चावल रखना चाहिए और मुट्ठी बंद कर लेनी चाहिए। धागा बंधने के बाद हथेली से चावल सिर से पीछे की ओर छोड़ देना चाहिए।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# रेत के अवैध उत्खनन से मुड़पार क्षेत्र का जलस्तर नीचे उतरा

## शासन प्रशासन व राजनीतिक दल जप्त रेत के उठाव के तकनीकी पहलुओं में उलझे, आम ग्रामीणों ने प्रशासनिक कार्रवाई की सराहना की

**रेत के अवैध उत्खनन, संग्रहण और विक्रय को लेकर गांव में आपसी तनाव से चिंतित दिखे ग्रामीण**


---

**गांव में शांति हेतु नदी- नाले के रेत की नीलामी का प्रस्ताव प्रशासन के समक्ष रखा गया था - सरपंच प्रतिनिधि**

---

**अनियंत्रित रेत उत्खनन से क्षेत्र का जलस्तर प्रभावित हो रहा है - ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी**





**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** अनियंत्रित रेत खनन के कारण मुड़पार क्षेत्र स्तिथ नदी नाले के किनारों का क्षरण हो रहा है। जिससे क्षेत्र का जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है व नदी नाले के किनारे कृषि कार्य करने वाले किसानों की भूमि को अत्यधिक नुकसान हो रहा है। इसके अलावा जैव विविधता को गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। उक्त विचार प्रकट करते हुए क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी राहुल गौतम ने ग्रामीण जनों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

वहीं दूसरी ओर राजनीतिक दल व शासन - प्रशासन क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन, संग्रहण व जप्त रेत के उठाव के तकनीकी पहलुओं पर आपस में उलझे हुए हैं। लेकिन आम ग्रामीण प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर प्रसन्नता व्यक्त कर रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि विगत अनेक वर्षों से रेत के अवैध उत्खनन को लेकर शासन प्रशासन के समक्ष प्रमुखता के साथ संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों की चिंता से अवगत कराया गया था। किंतु रेत माफ़ियाओं का दबाव इतना था कि राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी आर्थिक लाभ के लिए उनके इसारे पर कार्य करते आ रहे थे।

**रेत माफ़ियाओं द्वारा संग्रहित की गई रेत को जप्त कर प्रशासन ने सराहनीय कार्य किया है - ग्राम प्रमुख**

ग्राम मुड़पार के ग्राम प्रमुख रामचंद्र चौधरी ने प्रतिनिधि से चर्चा के दौरान बताया कि प्रशासन द्वारा अवैध रेत उत्खनन करने वालों के खिलाफजो कार्रवाई की है उसकी सभी ग्रामीण जन तारीफ कर रहे हैं। इसके पूर्व अनेक मर्तबा कार्रवाई की गई लेकिन वह करवाई मात्र दिखावा साबित हुई। प्रशासन द्वारा की गई ठोस कार्रवाई से रेत माफ़ियाओं को सबक के साथ - साथ भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।इसके पूर्व गांव में रेत के अवैध उत्खनन, संग्रहण एवं विक्रय को लेकर हमेशा विवाद की स्थिति बने रहती थी। रेत के अवैध उत्खनन से जलस्तर भी प्रभावित हुआ है। इस वर्ष गर्मी में कुएं का पानी सूख गया और अनेक बोर से पानी आना बंद हो गया है।

**गांव में शांति हेतु रेत के नीलामी की मांग की गई थी - सरपंच प्रतिनिधि -**

ग्राम मुड़पार के सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर दिन ठाकरे ने बताया कि रेत के अवैध उत्खनन संग्रहण और विक्रय को लेकर गांव में हमेशा तनाव की स्थिति बने रहती है। जिसे लेकर वर्ष 2023 में आम सहमति से पंचायत की ओर से प्रशासन को नदी नाले की रेत की नीलामी करने का सुझाव दिया गया था। जिस पर आज पर्यंत कोई ध्यान नहीं दिया गया। कुछ वर्ष पूर्व अत्यधिक विवाद होने पर पुलिस की मदद से ग्रामीण और रेत के व्यापारियों के मध्य समझौता कराया गया था। जिसके तहत ग्रामीणों को कम दर पर रेत उपलब्ध कराई जा रही थी। कुछ दिन सब कुछ ठीक चला, किंतु फिर वही स्थिति निर्मित हो गई।

**अनियंत्रित रेत उत्खनन से क्षेत्र का जलस्तर प्रभावित हो रहा है - ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी**

मुड़पार क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी राहुल गौतम का मानना है कि,क्षेत्र का जलस्तर नीचे जाने से कृषि कार्य प्रभावित होंगा।जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इसके अलावा अनियंत्रित रेत खनन के कारण मुड़पार क्षेत्र स्तिथ नदी नाले के किनारों का क्षरण भी हो रहा है। जो भविष्य में किसानों एवं आम जनों के लिए नुकसानदायक होगा।

**पूर्व में भी हो चुकी है कार्यवाही।**

ग्रामीणों ने बताया कि कोरोना काल के पहले भी मुड़पार में डोंगरगढ़ राजस्व टीम के द्वारा गाँव के सड़क किनारे सैकडो़ ट्रिप रेत की जप्ती कार्यवाही कर माइनिंग व कलेक्टर को प्रेषित किया गया था परंतु माह भर के अंदर ही जप्त रेत की चोरी कर ली गई जिससे राजस्व को लाखों का नुकसान हुआ था।

## रेवाडीह वार्ड क्र.22 में कल विधि विधान से होगा वार्ड का विवाह आयोजन-गामेंद्र नेताम

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** रेवाडीह वार्ड पार्षद गामेंद्र नेताम जी ने बताया हैं।कि अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है। कि कई पीढ़ी पश्चात ,वर्षो बाद , समस्त रेवाडीह वार्डवासियों के तत्वावधान में रेवाडीह वार्ड क्र.22 का विवाह पूर्ण विधि विधान के साथ कल ,वार्ड के मां शीतला मंदिर प्रांगण में शुभ मुहूर्त में माह जून तारीख 29,दिन शनिवार-आषाढ़ कृष्ण पक्ष 8, शीतलाष्टमी के पावन पर्व पर होने जा रहा है। अत: सभी वार्डवासियों से वार्ड पार्षद जी ने विशेष अपील की हैं। कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर उक्त ऐतिहासिक विवाह कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे। वार्ड पार्षद नेताम जी ने कहा कि वार्ड में इस वार्ड के इस विवाह आयोजन में हर्षोल्लास का माहौल हैं। इस कार्यक्रम के साथ ही श्री बूढ़ादेव मंदिर प्रांगण में भव्य विशाल भोज भंडारा की भी व्यवस्था रखी गई हैं ।



## मनेरी विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवम प्राथमिक विद्यालय मनेरी विकास खंड डोंगरगांव में 26 जून 2024 को शाला प्रवेश उत्सव सयुक्त रूप से तीनो विधालयो द्वारा मनाया गया। श्री पोहन साहू सरपंच प्रतिनिधी के रुप में मुख्य अतिथि रहे छात्रों को शिक्षा का जीवन में महत्व एवम आवश्यकताओं को बताया गया। शिक्षक एवम संकुल समन्वयक नीलमणी साहू ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर एडिशनल सीई ओ श्री साहू, ए डी सी संजय सिंह, पटवारी तिवारी, पशु चिकित्सा विभाग से डाक्टर कोसरिया, संकूल प्राचार्य ए आर साहू, धनराज मेश्राम, श्याम, निकाजू, मनरखन देवांगन, पूर्णानन्द साहू, यदु , मोनिका चंद्राकर, पुनम द्विवेदी, सरोज पाटिल, पुनम जोशी, सरस्वती सिन्हा, सुमन यादव, भुनेश्वर चंद्रवंशी, खेमलता खरे , अरुंधती रत्नाकर,विनोद शर्मा, भुनेश्वर चंद्रवंशी, जागृत साहू, , डोमन साहू, लीला बाई, चंद्र कुमार, एस एम सी सदस्य, ग्रामीणजन सहित छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही ।




## मोहारा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शास प्राथमिक शाला मोहारा में 26 जून 2024 को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें प्रधान पाठक श्री हरि राम साहू, शिक्षाविद् सदस्य एसएमसी श्री रामूलाल प्रजापति अध्यक्ष एसएमसी श्री धनेश सोनकर, एसएमसी उपाध्यक्ष श्री दिलीप सोनकर, सुनील कुमार साहू सर, भानुप्रताप साहू सर, थनेश्वरि साहू मैम, डीगेश्वरी साहू मैम एवम् पालक गणों की उपस्तिथि में नवप्रवेशी बच्चों एवम् पालक गण के उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें बच्चों को माला पहनाकर एवम् मुंह मीठा कराकर गणवेश एवम् पुस्तक वितरण किया गया तथा नवप्रवेशी बच्चों का हस्त चिन्हाकित किया गया बच्चों एवम् पालक गण में काफी उत्साह रहा ।



## मंगल भवन छुईखदान में हुआ नवीन न्याय संहिता पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम




**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** मंगल भवन छुईखदान में नवीन न्याय संहिता पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। मंगल भवन छुईखदान में 28 जून दिन शुक्रवार को माननीय न्यायाधीश महोदय श्री ईशान व्यास, एडीपीओ श्री सुनील राठौर, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री रज्जू महोबिया, सीएमओ श्री कमल नारायण जंघेल, नगर पंचायत अध्यक्ष पार्तिका महोबिया, थाना प्रभारी छुईखदान श्री शिव शंकर गेंदले , बीएमओ डॉक्टर मनीष बघेल, पी.एल.व्ही. श्री सनील कुमार, एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे। माननीय न्यायाधीश ईशान व्यास ने उपस्थित लोगों को बताया कि देश के नागरिकों तथा समाज का समाज का जीवन व्यवस्थित व अनुशासित रूप से चल सके तथा देश का शासन विधि सम्मत तरीके से आगे बढ़ सके इसीलिए कानून में समय-समय पर संशोधन किया जाता है। नवीन न्याय संहिता आम जनमानस के सुलभ न्याय के लिए बनाई गई है। एडीपीओ सुनील कुमार राठौर ने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए नवीन विधि सम्मत बातों से विधि के नियमों की जानकारी उपस्थित लोगों को दिया। थाना प्रभारी छुईखदान श्री शंकर गेंदले ने बताया की नवीन नया संहिता से आमजन को बहुत सारी सुविधा कराई गई है जिसमें नागरिकों को पहले थाने में आकर फिर करवाना पड़ता था लेकिन अब 1 जुलाई 2024 से फोन के माध्यम से भी फिर करवा सकते हैं फिर करने के पश्चात व्यक्ति को तीन दिवस के भीतर थाने में आकर यह सुनिश्चित करना पड़ेगा कि उनके द्वारा या फिर फोन के माध्यम से करवाई गई है यदि तीन दिवस के भीतर व्यक्ति पुलिस थाना नहीं आते हैं तो उसके द्वारा फोन के माध्यम से कराई गई फिर स्वत निरस्त हो जाएगी । पी. एल. व्ही श्री सनील कुमार द्वारा बताया गया कि देश में संचालित पुरानी दंड संहिता दंड विधान पर बल देती हैं जबकि नवीन न्याय संहिता न्यायपूर्ण समाज व्यवस्था पर बल देती है। उक्त कार्यक्रम में आसपास से सरपंच सचिव कोटवार पंचगण आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व मितानिन उपस्थित रहे।

## जल जीवन मिशन से ग्राम भोथीपारकला के ग्रामीणों की पेयजल की समस्या हुई दूर

### घर पर नल से पेयजल मिलने से ग्रामीणों में हर्ष



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत महाराजपुर के आश्रित ग्राम भोथीपारकला में हर घर में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो जाने से ग्रामीण खुश हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की जनकल्याणकारी योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल कनेक्शन से हैण्डपंप के सामने लाईन नहीं लगाने से सबसे ज्यादा गांव की महिलाएं प्रसन्न है। कलेक्टर व अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में ग्राम भोथीपारकला में जल जीवन मिशन के तहत 400 मीटर डिस्ट्रिक्यूशन पाइप लाईन बिछाकर गांव के लगभग 135 परिवारों को नल से पेयजल की सुविधा मिल रही है। सरपंच श्रीमती दुलारी बाई ठाकुर ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना से गांव के प्रत्येक घर में पानी मिल रहा है, जिससे पूरे गांव में उत्साह का महौल है। वार्ड क्रमांक 11 निवासी श्री विदेशीराम यादव ने शासन के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए बताया कि पहले पानी के लिए दूर तक जाना पड़ता था। पानी के लिए लम्बी लाईन लगानी पड़ती थी। ग्रामीण पानी के लिए बोरिंग एवं कुआ पर निर्भर थे। लेकिन जल जीवन मिशन से उन्हें घर पर ही नल के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पानी मिल रहा है, जिससे उनके समय की बचत भी हो रही है। वार्ड क्रमांक 8 एवं 9 निवासी श्री धनाराम साहू एवं श्रीमती जामुन बाई ने कहा कि पानी की व्यवस्था में ग्रामीण महिलाओं को बहुत समय देना पड़ता था। इससे उनके साथ -साथ उनके पूरे परिवार वालों का भी बहुत समय का बर्बाद होता था, किन्तु जल जीवन मिशन से घर पर नल के माध्यम से पानी मिल रहा है। इससे ग्रामीण महिलाओं एवं उनके परिवार वालों के काम समय पर पूरे हो रहे हैं। ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन से पेयजल की समस्या हल होने पर केन्द्र सरकार एवं राज्य शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# श्रीकृष्ण जन्म के समाचार से श्रीमन नन्दराय हुये आनन्द विभोर - धर्म सम्राट स्वामी श्री करपात्री जी महाराज

**अरविन्द तिवारी की रिपोर्ट**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्धनमठ पुरी पीठाधीश्वर अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरू शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाभाग के पूज्य गुरुदेव भगवानश्री धर्म सम्राट स्वामीश्री करपात्रीजी महाराज की प्रेरणा से विरचित ग्रंथ भक्ति सुधा से यह प्रसंग उद्धृत किया गया है। श्रीब्रजरानी की समस्त सखियाँ बालक को देखकर प्रमुदित होती हैं और विचार करती हैं कि अहो - इस शिशु को सिर पर धारण करें किंवा नयनों में धारण करें किंवा हृदय या हृदय के मध्य में इसे बिठला लें। फिर देखती हुई कल्पना करती हैं, मानो देदीप्यमान नीलमणि से इस बालक के सर्वांग का निर्माण हुआ है। कुरुविन्द (अरुण कान्ति वाले मणि ) से बिम्बाधर एवं पद्मराग से श्रीचरण और हस्त तथा पक्व दाड़िम - बीज के समान शिखर मणि से नखों का निर्माण हुआ है, अत: क्या यह मणिमय बालक है। पुन: बालक के श्रीअंग की कोमलता का अनुभव करके कठिन मणि - मयत्व की कल्पना को अनुचित समझकर दूसरी कल्पना करती हैं , मानो नील इन्दीवर से बालक के सकल अवयवों का , बन्धूक से बिम्ब अधर ओष्ठ का, जवा कुसुम से पाणिपाद का और प्रान्त रत्न मल्ली - कोरक से नख समूह का निर्माण हुआ है, अत: क्या यह कुसुम मय बालक है। फिर सोचती हैं कि क्या वस्तुत: अनन्त कोटि ब्रह्माण्ड अन्तर्गत सौन्दर्य - माधुर्य - बिन्दु का उद्गम स्थान और अचिन्त्य अनन्त सौन्दर्य - माधुर्य - सुधा सिन्धु - सार - सर्वस्व किंवा सकेलि सुषमा और शोभासार को ही लेकर किसी अद्भुत अलौकिक जगन् मोहन काम ने ही अपने सु - कर कमल से इस बालक का निर्माण किया है। अमृतमय मुखचन्द्र और सुन्दर अलकावलियों को देखकर श्रीनन्दरानी कल्पना करती हैं कि यह क्या सौन्दर्य - माधुर्य मय मादक मधु का अधिक पान कर लेने से उन्मदान्ध अतएव भ्रमण में असमर्थ निश्चल मधुकर समूह है, किंवा स्निग्ध - श्यामल गाढ़ा अन्धकार के अकुर - समूह ही अलक - समूह रूप में भासमान हो रहे हैं। नयनों को देखकर उनमें मुकुलित नीलोत्पल की कल्पना और सुन्दर युगल कपोलों में दिव्य नील मणिमय जल के विशाल बुद्बुद की कल्पना करती हैं और ही अति - सुभग युगल श्रवण को देखकर उनमें श्यामल महो ( तेजो ) - मयी लतिका के अभिनव उन्मिषित युगल पल्लव की कल्पना करती हैं। तिमिर - द्रुम के अंकुर के समान नासा शिखर , यमुना के बुद्बुद के समान दोनों नासापुट, द्विदल जवा कोरक के समान अधर, ओष्ठ परिपक्व तथा छोटे -- छोटे यमल ( सहजात या युग्म ) बाद जम्बू फल के समान चिबुक ( ठोढ़ी ) - को निरीक्षण कर नयनों के फल को पाकर ब्रजरानी ने आनन्द - जलधि में अपनी आत्मा को अवगाहन कराया। इतने में ही श्रीमन् नन्दराय के समीप जाकर ब्रजपुर पुरन्ध्रियों ने पुत्र जन्म का मंगल - सन्देश सुनाया। ग्रीष्म से सूखे हुये सरोवर को अमृत - धाराओं से सरस करते हुये अद्भुत मधुर घन - गर्जन की तरह पुत्र जन्म - श्रवण करते ही श्रीमन् नन्दराय जैसे हर्ष वर्षा में स्नान कर, अमृत - महा अर्णव में प्रविष्ट होकर, आनन्द - मन्दाकिनी से आलिंगित होकर बालक के अवलोकन के लिये उत्कण्ठित हो उठे। यद्यपि आनन्द - मूर्च्छा के समय सूतिका - भवन में प्रवेश असम्भव था तथापि स्वयं उपस्थित मूर्तिमान ब्रह्मानन्द चमत्कार ने ही श्रीब्रजराज के श्रीहस्त को पकड़ कर सूतिका - भवन में पहुँचाया।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com